कुल्लूकभट्टविरचित

मन्वर्थमुक्तावली संस्कृत टीका एवं हिन्दीभाषानुवाद

सम्पादक एवं अनुवादक

डॉ० राकेश शास्त्री

मनुस्मृतिः

कुल्लूकभट्टविरचित

मन्वर्थमुक्तावली संस्कृत टीका एवं हिन्दीभाषानुवाद

सम्पादक एवं अनुवादक

डॉ. राकेश शास्त्री

मनुस्मृतिः

कुल्लूकभट्टविरचित

मन्वर्थमुक्तावली संस्कृत टीका एवं हिन्दीभाषानुवाद

(प्रथम भाग)

सम्पादक एवं अनुवादक
डॉ. राकेश शास्त्री
अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग
राजकीय महाविद्यालय, राजसमन्द (राजस्थान)

विद्यानिधि प्रकाशन
दिल्ली

प्रकाशक :

विद्यानिधि प्रकाशन

डी-10/1061 (समीप श्रीमहागौरी मन्दिर)
खजूरी खास, दिल्ली-110094
दूरभाष : 22967638

प्रथम संस्करण : 2005

ISBN : 81-86700-59-5 (प्रथम भाग)
: 81-86700-61-7 (सेट)

मूल्य : 695.00

लेज़र टाईप सैटिंग :
क्रियेटिव ग्राफिक्स
दिल्ली-53

मुद्रक :
रुचिका प्रिंटर्स (दिल्ली)

MANUSMṚTI

With the Sanskrit commentary
Maṇvartha-Muktāvalī of
KULLŪKABHAṬṬA
and Hindi Translation

Volume I

Editor and Translator
DR. RAKESH SHASTRI

VIDYANIDHI PRAKASHAN
DELHI

Published by :
Vidyanidhi Prakashan
D-10/1061, (Near Shri Mahagauri Mandir)
Khajuri Khas, Delhi-110094
Phone : 22967638

First Edition : 2005

ISBN : 81-86700-59-5 (Vol. I)
: 81-86700-61-7 (Set)

Price : Rs. 695.00

Laser Type Setting :
Creative Graphics
Delhi

Printed at : **Ruchika Printers,** Delhi-53

प्राक्कथन

वैदिक संस्कृत वाङ्मय में धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों का अत्यधिक महत्त्वपूर्ण स्थान हैं, क्योंकि इन्हीं के द्वारा हमारे समाज की व्यवस्था एवं दिशा निर्धारित होती रही है। इसीकारण ये ग्रन्थ हमेशा समाज में आदृत रहे हैं। इन ग्रन्थों में मनुस्मृति का 'मानक' स्थान रहा है। एक समय था कि मनुस्मृति के अनुसार अपनी जीवनशैली जीने वाला तथा अपने राज्य को इसके सिद्धान्तों के अनुसार संचालित करने वाला राजा, श्रेष्ठ एवं अग्रणी माना जाता था।

आचार्य मनु की स्मृति वस्तुत: धर्मग्रन्थ न होकर एक व्यवस्थापक ग्रन्थ कहा जा सकता है। जिसमें तात्कालिक जीवनपद्धति के सिद्धान्तों को विस्तारपूर्वक निबद्ध किया गया है, साथ ही उनके पालन की अनिवार्यता भी प्रतिपादित की गई है। यह बात अलग है कि वर्तमान सामाजिक परिवेश में मनुस्मृति में प्रतिपादित अनेक बातें बेमानी प्रतीत होती हों, किन्तु फिर भी इसके महत्त्व को पूर्णरूप से नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि हमारे समाज में प्रचलित कानून 'हिन्दू कोड बिल' का मुख्य आधार मनुस्मृति ही रही है।

अत: आज भी भारतीय समाज की धार्मिक, सामाजिक एवं अनेक अर्थों में राजनैतिक व्यवस्थाओं के निर्धारण में इस ग्रन्थ का महत्त्वपूर्ण योगदान कहा जा सकता है। साथ ही प्राचीन भारतीय सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक पद्धतियों की जानकारी भी हमें इस ग्रन्थ से सहज ही हो जाती है।

यद्यपि स्मृतियों की संख्या सौ से भी अधिक रही है तथापि इनमें जो सम्मान याज्ञवल्क्यस्मृति एवं मनुस्मृति को प्राप्त हुआ, वह किसी अन्य स्मृति-ग्रन्थ को प्राप्त नहीं हो सका। यही कारण है कि या तो उनका केवल नामोल्लेख ही आज प्राप्त होता है अथवा वे प्रचलन से पूर्णतया बाहर हो गयी हैं। मनुस्मृति के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए ही अनेक टीकाकारों ने इस ग्रन्थ पर अपनी-अपनी टीकाओं का प्रणयन किया है। जिनमें मेधातिथि, गोविन्दराज, कुल्लूकभट्ट, सर्वज्ञनारायण, राघवानन्द, मणिराम, रामचन्द्र, नन्दन एवं भारुचि, विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं।

श्री जयन्तकृष्ण, हरिकृष्ण दुबे ने १९७२ ई० में नौ संस्कृत टीकाओं के साथ

मनुस्मृति का प्रकाशन बम्बई से कराया तथा इससे पूर्व श्री विश्वनाथ मण्डलीक द्वारा भी सन् १८८६ ई० में मनुस्मृति का सात टीकाओं के साथ सम्पादन किया गया जो दो खण्डों में बम्बई से प्रकाशित हुआ था। इतने विद्वानों द्वारा इस ग्रन्थ की टीका से इसके महत्त्व का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है तथापि उक्त सभी टीका ग्रन्थों में जो समादर विद्वत्समाज द्वारा आचार्य मेधातिथि के मनुभाष्य, गोविन्दराज की मनुटीका एवं आचार्य कुल्लूकभट्ट विरचित 'मन्वर्थमुक्तावली' को प्रदान किया गया, वह अन्य टीकाओं को प्राप्त नहीं हो सका।

किन्तु इन तीनों टीकाओं में भी आचार्य कुल्लूकभट्ट की 'मन्वर्थमुक्तावली' सर्वाङ्गपूर्ण टीका होने के साथ-साथ कुछ विशेष ही कही जा सकती है। यही कारण है कि कुछ विश्वविद्यालयों ने मनुस्मृति की इस टीका को भी पाठ्यक्रम में निर्धारित किया हुआ है। यद्यपि मनुस्मृति पर अभी तक अनेक हिन्दी व्याख्याओं एवं अनुवाद आदि का प्रकाशन हुआ है तथापि प्रत्येक विद्वान् का अपना दृष्टिकोण एवं सोच होती है। इसलिए किसी भी प्राचीन कृति के किए गए अनुवाद को अन्तिम नहीं कहा जा सकता है। उस दिशा में निरन्तर चिन्तन ही नई-नई दृष्टियों का जन्मदाता है।

इसी दृष्टि से विद्यानिधि प्रकाशन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक संस्कृत स्तर पर निर्धारित मनुस्मृति के द्वितीय एवं सप्तम अध्याय की मन्वर्थमुक्तावली सहित हिन्दी व्याख्या लिखने के पश्चात्, प्रकाशन के व्यवस्थापक श्री बद्रीनाथ तिवारी के विशेष आग्रह पर 'मन्वर्थमुक्तावली' सहित सम्पूर्ण मनुस्मृति का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत करने का मैंने मानस बनाया।

इस प्रसङ्ग में यह बात विशेषरूप से उल्लेखनीय है कि इस बात को स्वीकार करने में लेशमात्र भी संकोच नहीं करना चाहिए कि वर्तमान मनुस्मृति में अनेक श्लोक बाद में विद्वानों द्वारा जोड़ दिए गए हैं, किन्तु उनकी पहचान, वह भी सही-सही करना अत्यन्त दुरुह कार्य है। आर्ष साहित्य प्रचार ट्रस्ट दिल्ली द्वारा विशुद्धस्मृति का प्रकाशन करके निःसन्देह प्रशंसनीय कार्य किया गया है। विद्वद्द्वय द्वारा सम्पादित इस ग्रन्थ में सतर्क कुल २६८५ श्लोकों में से १५०२ को प्रक्षिप्त सिद्ध किया है। यद्यपि यहाँ तर्क अत्यन्त प्रभावी रहे हैं, किन्तु सम्पूर्ण विद्वत्समुदाय इससे पूर्णतः सहमत नहीं है। अतः इस सम्पूर्ण विवाद से बचने की दृष्टि से ही यहाँ सभी श्लोकों को प्रस्तुत करते हुए अनुवाद किया गया है। इस संस्करण में निर्णयसागर संस्करण एवं कुल्लूक भट्ट की टीका का मूलरूप से उपयोग किया गया है।

अनेक व्यस्तताओं बाधाओं के परिणामस्वरूप परमपिता परमेश्वर की असीम

अनुकम्पा से यह अनुवाद आपके हाथों में है। यद्यपि इसमें अनुवाद करते समय मन्वर्थमुक्तावली की भावना को विशेषरूप से दृष्टिगत रखा गया है तथापि अनेक स्थलों पर अपने विचारों के अनुरूप भी अर्थ किया है। ग्रन्थ की उपयोगिता में श्रीवृद्धि करने हेतु आरम्भ में विस्तृत भूमिका एवं अन्त में श्लोकानुक्रमणिका का निबन्धन किया गया है।

यह प्रस्तुतीकरण कैसा बन पड़ा है? इसका निर्धारण तो सहृदय विद्वत्समुदाय ही करेगा, पुनरपि मेरा यह तुच्छ प्रयास, ग्रन्थ की भावनाओं को उपयुक्त रूप से प्रस्तुत करने में, यदि थोड़ा भी सफल हो सका तो मैं स्वयं को कृत्कृत्य समझूँगा।

ग्रन्थ को सुन्दररूप में प्रकाशन का सम्पूर्ण श्रेय विद्यानिधि प्रकाशन के स्वामी श्री बद्रीनाथ तिवारी को है। साथ ही इस ग्रन्थ में जो कुछ भी अच्छाइयाँ हैं वे सब गुरुकृपा का फल है तथा सभी त्रुटियाँ मेरी अज्ञानता स्वरूप हुई हैं। आशा है विद्वद्गण एतदर्थ क्षमा प्रदान करके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद देते हुए अनुगृहीत करेंगे।

अन्त में उन सभी विद्वान् लेखकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना मैं अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूँ। जिनके ग्रन्थों से इसके लेखन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्षरूप से सहायता प्राप्त हुई। इति शुभम् ।।

डॉ. राकेश शास्त्री

वन-जे-३८, केशवनगर, हाउसिंग बोर्ड
बांसवाड़ा (राज०)
दूरभाष : ०२९६२/२५००२६
मोबाइल : ९४१४१०२६३६

विषयानुक्रमणिका

मूल, मन्वर्थमुक्तावली वर्ण्यविषय एवं हिन्दी अनुवाद

प्रथम अध्याय

द्वितीय अध्याय

तृतीय अध्याय

चतुर्थ अध्याय

पञ्चम अध्याय

षष्ठ अध्याय

सप्तम अध्याय

अष्टम अध्याय

नवम अध्याय

दशम अध्याम

एकादश अध्याय

द्वादश अध्याय

परिशिष्ट

भूमिका

ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीनकाल में 'धर्म एवं कर्म' इन दोनों शब्दों का प्रयोग लगभग एक ही अर्थ में होता था, तभी तो आचार्य मनु ने मनुस्मृति के द्वितीय अध्याय में स्मृति को धर्मशास्त्र की संज्ञा प्रदान की है– 'धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः'[१]। अभिधानचिन्तामणिकार ने भी इसीप्रकार के भाव अभिव्यक्त किए हैं– 'धर्मशास्त्रं स्यात् स्मृतिः'।[२]

इसके अतिरिक्त आचार्य गौतम ने भी स्मृति को धर्मशास्त्र के रूप में उद्धृत करते हुए मनु एवं याज्ञवल्क्य को उसका प्रणेता बताया है–'स्मृति धर्मशास्त्राणि, तेषां प्रणेतारः.......मनुयाज्ञवल्क्यादयः।' आचार्य वसिष्ठ भी स्मृति को धर्म का उपादान स्वीकार करते हैं।[३]

किन्तु यदि हम सूक्ष्मदृष्टि से विचार करें तो सम्पूर्ण स्मृति-साहित्य में धर्म की वैसी व्याख्या उपलब्ध नहीं है, जैसा आज इसे परिभाषित किया जाता है। यहाँ तो वस्तुतः धर्म से अभिप्राय कर्म से ही है, क्योंकि इस ग्रन्थ में सर्वत्र समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कर्तव्यकर्म का उपदेश दिया गया है। इसलिए इसे कर्मशास्त्र की संज्ञा प्रदान करना अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है।

'स्मृति' शब्द वस्तुतः एक विचारधारा का भी प्रतिनिधित्व करता है। पाणिनीय धातुपाठ में पठित √ स्मृ धातु के अर्थ भी इस कथ्य की पुष्टि करते हैं। वहाँ भ्वादिगण में दो बार पठित √ स्मृ धातु के उन्होंने क्रमशः "√ स्मृ–आ ध्याने" तथा "√ स्मृ-चिन्तायाम्" अर्थ किए हैं अर्थात् स्मृतियों की संरचना, स्मृतिकारों ने वेदों का ध्यान करके, उनके अभिप्राय एवं सिद्धांतों को, लोक की स्मृद्धि, उन्नति एवं बौद्धिक तथा शारीरिक आदि सभी प्रकार के विकास की दृष्टि से की।

तत्पश्चात् स्वादिगण में पठित √ स्मृ धातु का आचार्य पाणिनि ने एक अर्थ 'प्रीतिसेवनयोः' भी किया है अर्थात् स्मृतिग्रन्थ में प्रतिपादित सिद्धांतों का सम्पूर्ण

---

१. मनुस्मृति, २/१०.

२. अभिधानचिन्तामणि, २/१६५.

३. वसिष्ठ स्मृति, १.४.

तात्कालिक समाज अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक सेवन करता था। जो व्यक्ति इनका पालन नहीं करता था, उसे हेयदृष्टि से देखा जाता था। शङ्कराचार्य ने 'स्मृति' शब्द का अपेक्षाकृत व्यापक अर्थ में प्रयोग करते हुए इसे पाणिनीय व्याकरण, श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र, धर्मसूत्र, महाभारत आदि अर्थों में प्रयुक्त माना है। इसीकारण उन्होंने 'पाणिनि स्मृतिरिति' इसप्रकार अनेकशः प्रयोग किया है। तैत्तिरीय आरण्यक में भी स्मृति शब्द का प्रयोग हुआ है।[१] मनुस्मृति के प्रसिद्ध टीकाकार मेधातिथि ने 'अनुभूत अर्थ विषयक विज्ञान' को स्मृति कहा है।

अनुभूतार्थ विषयकं विज्ञानं स्मृतिरुच्यते।

(मनुस्मृति टीका, २/६)

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहना ही उपयुक्त होगा कि 'स्मृति-साहित्य' वस्तुतः हमारे प्राचीन ऋषियों, मुनियों, विद्वानों का सुव्यवस्थित चिन्तन है, जिसे उन्होंने वैदिक परम्परा का ध्यान रखते हुए लोकहित में प्रतिपादित किया। सामाजिक मर्यादा बनाए रखने की दृष्टि से सम्पूर्ण मानव समाज के लिए कर्तव्यकर्मों का उपदेश दिया। जिसका समाज के सभी वर्गों द्वारा अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक सेवन किया गया। इसलिए सम्पूर्ण स्मृतिसाहित्य को वस्तुतः धर्मशास्त्र न कहकर कर्मशास्त्र कहना ही अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि मनुस्मृति में धर्म के नाम पर कहीं भी पूजापाठ, देवी-देवताओं की अभ्यर्चना की अनुशंसा नहीं की गयी है।

इसीकारण मनुस्मृति का अध्ययन करने पर हमें तात्कालिक समाज की परिकल्पना साकार हो उठती है, क्योंकि इसमें ग्रन्थकार ने उन कर्त्तव्यों एवं व्यवहारों का विस्तारपूर्वक विवेचन किया है, जो उस समय की परिस्थितियों में आवश्यक रहे होंगे। यह बात दूसरी है कि वर्तमान समय में उनमें से अधिकांश अप्रासङ्गिक हो गए हैं। इसके अतिरिक्त एक बात और हमें यहाँ देखने को मिलती है कि मनुस्मृतिकार के समय में नीति का निर्धारण करने वाले, सभी विद्वान् प्रायः कठोर व्यवस्था के प्रबल समर्थक रहे। यही कारण है कि कर्तव्यकर्मों का समुचितरूप से पालन न करने पर यहाँ कठोर दण्डविधान किया गया है।

साथ ही इस ग्रन्थ के अध्ययन से हम यह भी निश्चयपूर्वक कह सकते हैं कि तात्कालिक समाज में ब्राह्मण का स्थान सर्वोच्च था। दण्डस्वरूप भी उसकी हत्या का पूर्णतः निषेध था। अज्ञानवश भी उसकी हत्या होने पर महापातक की कोटि में आने

---

१. तैत्तिरीय आरण्यक, १/२.

के कारण यहाँ कठोर प्रायश्चित्त का विधान किया गया है, वेदविद् होना उसकी सर्वोच्च योग्यता थी तथा राजा भी उसे नमन करता था। आचार्य मनु सवर्णविवाह के पक्षधर थे। वर्णसंकर सन्तति को उन्होंने अनेक स्थलों पर हेय माना है, इस दृष्टि से हमें मनुस्मृति का अध्ययन तात्कालिक समाज का यथार्थचित्र प्रस्तुत करने में सहायक प्रतीत होता है।

वर्तमान मनुस्मृति में १२ अध्यायों के अन्तर्गत कुल २६८४ श्लोकों का प्रयोग हुआ है, जिन पर आचार्य कुल्लूक भट्ट ने 'मन्वर्थमुक्तावली' का प्रणयन किया है। किन्तु मनुस्मृति के नाम से १७० श्लोक ऐसे भी मिलते हैं, जिनपर कुल्लूक भट्ट ने टीका नहीं की है, जिनका सङ्केत आचार्य जगदीशलाल शास्त्री ने किया है।[1] उन सभी श्लोकों को सम्मिलित करते हुए हमने यहाँ उनका अनुवाद प्रस्तुत किया है। इस प्रकार यह संख्या यहाँ कुल मिलाकर २८५४ हो गयी है।

मैक्समूलर, बेबर और बुहलर आदि अनेक विद्वानों का मत है कि वर्तमान मनुस्मृति वस्तुतः आरम्भिक 'मानवधर्मसूत्र' का ही विस्तार है। इस सम्बन्ध में मैक्समूलर का तो यहाँ तक कहना है कि 'इसमें कोई सन्देह नहीं कि सभी सच्चे धर्मशास्त्र जो आज विद्यमान हैं, प्राचीन कुलधर्मों वाले धर्मसूत्रों के, जो स्वयं किसी न किसी वैदिकचरण के प्रारम्भिकरूप से सम्बन्धित थे, संशोधित रूप हैं।"[2]

किन्तु धर्मशास्त्र के इतिहास के लेखक महामहोपाध्याय डॉ० पी०वी० काणे ने मैक्समूलर के इस अनुमान को भ्रामक माना है तथा अनेक तर्क प्रस्तुत करते हुए इस मत का खण्डन भी किया है।[3] इस सम्बन्ध में हमारा विनम्र मत है कि मैक्समूलरादि विद्वानों का विचार पूर्णतया उपेक्षा योग्य नहीं है। सम्भव है वह ग्रन्थ 'मानव-धर्मसूत्र' लिखितरूप में रहा हो, किन्तु व्यावहारिक अथवा मौखिकरूप से ऐसे नियमों एवं सिद्धांतों से भी पूर्णतया इन्कार नहीं किया जा सकता, जो मनुस्मृति में अपेक्षाकृत विकसित एवं विस्तृतरूप में प्रयुक्त हुए हों।

स्वयं महामहोपाध्याय डॉ० पी०वी० काणे ने इसी ग्रन्थ के प्रकरण ३१ में मनुस्मृति के विकासात्मक स्वरूप की, 'मनु' के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में नामोल्लेख के व्याज से चर्चा की है। उनके अनुसार–मनुस्मृति का प्रणयन किसने किया यह

---

१. मनुस्मृति-संकलन कर्ता-मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली-१९९६

२. हिस्ट्री ऑफ ऐंशियेण्ट लिटरेचर, पृ० १३४-१३५ (धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग-१, पृ० २७ से उद्धृत)

३. धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ० पी० वी० काणे, अनु० अर्जुन चौबे, पृ० २७-२८.

कहना कठिन है। यह सत्य है कि मानव के आदिपूर्वज मनु ने इसका प्रणयन नहीं किया है।...... सम्भवत: मानवधर्मसूत्र नामक ग्रन्थ कभी विद्यमान ही नहीं था।[१]

उक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि डॉ० काणे ने इस ग्रन्थ के कर्ता एवं मानवधर्मसूत्र की उपस्थिति दोनों ही विषयों पर निश्चयात्मक अभिव्यक्ति नहीं की है, किन्तु इस सम्पूर्ण प्रसङ्ग पर गम्भीरतापूर्वक, सूक्ष्मदृष्टि से विचार करने पर हम इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि–

नि:सन्देह मनु का यह धर्मशास्त्र अत्यधिक प्राचीन है। महर्षि दयानन्द ने भी मनु को सृष्टि के आदि में स्वीकार किया है। इस दृष्टि से सम्पूर्ण सामाजिक मान्यताओं और धार्मिकं मर्यादाओं के संस्थापक एवं व्याख्याता मनु को मानने में कोई अनौचित्य प्रतीत नहीं होता, क्योंकि घर, परिवार व समाज में आयु, विद्या आदि की दृष्टि से वृद्ध मुखिया आज भी वही करता ही है।

इस दृष्टि से उत्तरवर्ती काल में यही नाम उपाधिरूप में प्रचलित हो गया, जिससे वेदज्ञ, मनु के सिद्धांतों के पालक एवं व्याख्याता विद्वान् भी 'मनु' कहलाए तथा उन्होंने समय-समय पर समाज की आवश्यकता के अनुरूप कर्तव्यों का निर्देश किया। ये सभी निर्देश पद्यबद्ध शैली में ही निबद्ध थे। आरम्भ में यह निर्देश-निबन्धन पूर्णतया निरपेक्षदृष्टि से होता रहा, किन्तु बाद में वर्णव्यवस्था की छिन्नावस्था में ये सापेक्ष हो गए। यह सम्पूर्ण निबन्धन मनु के नाम से अविरतगति से होता रहा। अन्त में इनकी संख्या इतनी अधिक हो गयी कि इसके सम्पादन एवं संक्षिप्तीकरण की आवश्यकता प्रतीत हुई। जिसकी ओर महाभारत शान्तिपर्व में भी संकेत किया गया है–

ततोऽध्यायसहस्राणां शतं चक्रे स्वर्बुद्धिजम्।
यत्र धर्मस्तथैवार्थ: कामश्चैवाभिवर्णित:।।
त्रिवर्ग इति विख्यातो गण एष स्वयम्भुवा।[२]
कृतं शतसहस्त्रं हि श्लोकानामिदमुत्तमम्।
लोकतन्त्रस्य कृत्स्नस्य यस्माद् धर्म: प्रवर्तते।।[३]

इसके अनुसार ब्रह्मा ने धर्म को आधार बनाकर एक सौ सहस्त्र श्लोकों की

---

१. धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ० पी० वी० काणे, अनु० अर्जुन चौबे, पृ० ४३
२. महाभारत शान्तिपर्व–५९/२९-८९.
३. वही ३३६/३८-४६.

संरचना की। पुन: मनु ने उन धर्मों की व्याख्या की। तत्पश्चात् उशना और बृहस्पति ने मनु स्वायंभुव के ग्रन्थ के आधार पर शास्त्रों का प्रणयन किया। इसी पर्व में दूसरे स्थल पर यही बात भिन्नरूप में इसप्रकार कही गई है– ब्रह्मा ने धर्म, अर्थ और काम पर एक लाख अध्यायों का प्रणयन किया। बाद में इसी महाग्रन्थ को विशालाक्ष, इन्द्र, बाहुदन्तक, बृहस्पति एवं उशना द्वारा क्रमश: १०,०००, ५०००, एवं एक सहस्र अध्यायों में संक्षिप्त किया गया।

इसीप्रकार नारदस्मृति में भी मनु द्वारा एक लाख श्लोकों की रचना १०८० अध्यायों एवं २४ प्रकरणों के अन्तर्गत धर्मशास्त्र विषयक ग्रन्थलेखन का कथन किया गया है। इसे उन्होंने नारद को पढ़ाया, जिसे उन्होंने १२ हजार श्लोकों में संक्षिप्त किया तथा पुन: इसे मार्कण्डेय ऋषि ने नारद से पढ़कर ८००० श्लोकों में संक्षेप करके सुमति भार्गव को इनका ज्ञान दिया, जिसे अध्ययन करके उन्होंने चार हजार श्लोकों के अन्तर्गत संक्षिप्त किया।

ठीक इसी बात का कथन प्रस्तुत मनुस्मृति[1] में भी आया है। जहाँ ब्रह्मा से विराट एवं उनसे मनु की उत्पत्ति, पुन: उनसे भृगु, नारद आदि ऋषियों की उत्पत्ति का कथन हुआ है। ब्रह्मा ने मनु को इस शास्त्र का अध्ययन कराया। पुन: मनु ने मरीचि आदि मुनियों को इसका उपदेश किया–

इदं शास्त्रं तु कृत्वासौ मामेव स्वयमादित:।
विधिवद् ग्राह्यामास मरीच्यादींस्त्वहं मुनीन्।।[2]

इन दस ऋषियों में एक ऋषि भृगु भी थे, जिन्होंने मनु के आदेश पर अन्य ऋषियों के द्वारा जिज्ञासा किए जाने पर इस शास्त्र का उपदेश किया है–

एतद्वोऽयं भृगु: शास्त्रं श्रावयिष्यत्यशेषत:।
एतद्धि मत्तोऽधिजगे सर्वमेषोऽखिलं मुनि:।।[3]

यही कारण है कि वर्तमान मनुस्मृति में यह अध्यापन कराने की बात आरम्भ से लेकर अन्त तक दृष्टि गोचर होती है। वस्तुत: यहाँ मनु सर्वत्र विराजमान हैं, क्योंकि अनेक स्थलों पर 'मनुराह', 'मनोरब्रवीत्' तथा 'मनोरनुशासनम्'[4] इन शब्दों का प्रयोग हुआ है।

---

१. मनुस्मृति, १/३२-३३

२. वही, १/५८.

३. वही, १/५९-६०

४. वही, ९/१५८, ८/१३९, २७९, ९/२३९, १०/७८.

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवेचन का उद्देश्य यही प्रतिपादित करना है कि यहाँ आचार्य मनु एक व्यक्ति न होकर उपाधिधारी अनेक व्यक्ति रहे हैं। 'मनुरब्रवीत्' आदि पदों का प्रयोग निश्चय ही आदिमनु की ओर सङ्केत का सूचक कहा जा सकता है। इन आदिमनु द्वारा निश्चितरूपेण कुछ सामाजिक सिद्धांतों, व्यवहारों एवं नियमों का कथन किया गया होगा, जो लिपिबद्ध न होते हुए भी वर्तमान रीतिरिवाज एवं मान्यताओं के समान ही मौखिकरूप में विद्यमान रही होंगी। जो किसी राजकीय नियम या कानून से कम नहीं होंगे, ऐसी सम्भावना से लेशमात्र भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

इन परिस्थितियों में जबकि राजा एवं प्रजा सभी 'मनु' के नाम से इतने अधिक प्रभावित रहे, तो कुछ कट्टरपंथी ब्राह्मणों ने अनेक बातें इस ग्रन्थ में स्वहितार्थ अथवा स्वजाति हितार्थ जोड़ दी होंगी, जो आज हमें असम्भव होने के साथ-साथ अव्यावहारिक भी प्रतीत होती हैं। जिनके एकमत से शोधन की महती आवश्यकता है, जिससे यह सम्पूर्ण ग्रन्थ समाज में आदरणीय स्थान प्राप्त कर सके।

इसके अतिरिक्त स्मृतियों की संख्या के सम्बन्ध में भी विद्वानों में पर्याप्त मत-भेद है। आरम्भ में स्मृतिग्रन्थों की संख्या अत्यल्प थी, किन्तु धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ते हुए सौ के लगभग पहुँच गई। इसका प्रमुख कारण यह प्रतीत होता है कि जब भी कोई आचार्य समाज में प्रतिष्ठित हुआ, उसने अपने विचारों एवं भावनाओं के अनुरूप एक स्मृतिग्रन्थ का प्रणयन कर दिया। यही कारण है कि आचार्य गौतम जहाँ एकमात्र आचार्य मनु का नाम स्मृतिकार के रूप में उल्लेख करते हैं।[१] वहीं आचार्य बौधायन सात धर्मशास्त्रियों-'औपजंघनि, कात्य, काश्यप, गौतम, प्रजापति, मौद्गल्य एवं हारीत' के नाम का कथन करते हैं।[२]

इसके विपरीत आचार्य वसिष्ठ ने केवल पाँच नामों का ही परिगणन किया है- 'गौतम, प्रजापति, मनु, यम और हारीत'। आचार्य मनु ने भी अपने अलावा छः अन्य धर्मशास्त्रियों-अत्रि, उतथ्य के पुत्र, भृगु, वसिष्ठ, वैखानस एवं शौनक के नामों का उल्लेख किया है। जबकि याज्ञवल्क्य ने एक स्थल पर एक साथ ही २० धर्मशास्त्र-कारों के नामों का कथन किया है। उन्होंने बौधायन के नाम का उल्लेख नहीं किया है।

इसके पश्चात् पराशर ने स्वयं को छोड़कर १९ नामों का परिगणन किया है,

---

१. गौतम स्मृति-११/१९.

२. धर्मशास्त्र का इतिहास-भाग-१, पृ० ४१.

किन्तु उन्होंने बृहस्पति, यम और व्यास के नाम का उल्लेख नहीं किया है, जबकि यहाँ काश्यप, गार्ग्य और प्रचेता के नामों को सम्मिलित किया गया है। पुन: तन्त्रवार्तिक में कुमारिलभट्ट ने १८ धर्मसंहिताओं का कथन किया है। जबकि 'चतुर्विंशति मत' नामक ग्रन्थ में २४ धर्मशास्त्रकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। इस सूची में याज्ञवल्क्य द्वारा दी गई सूची की अपेक्षा गार्ग्य, नारद, बौधायन, वत्स, विश्वामित्र, शङ्ख आदि छः नाम अधिक हैं, किन्तु इस सूची में कात्यायन एवं लिखित इन दो नामों का कथन नहीं किया गया है।

तत्पश्चात् पैठीनसि ने ३६ स्मृतियों के नामों का परिणगन किया है। इसीप्रकार भविष्यपुराण में भी ३६ स्मृतियों का उल्लेख किया गया है, जबकि वृद्ध गौतमस्मृति में ५७ धर्मशास्त्रों के नामों का कथन किया गया है। इसके विपरीत वीरमित्रोदय में उद्धृत किए गए 'प्रयोगपारिजात' द्वारा १८ मुख्य स्मृतियों, १८ उपस्मृतियों तथा २१ अन्य स्मृतिकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। इसीप्रकार उत्तरकालीन ग्रन्थ–निर्णयसिन्धु, नीलकण्ठ एवं वीरमित्रोदय की सूचियों में उल्लिखित नामों के आधार पर स्मृतियों की संख्या कुल मिलाकर सौ के लगभग हो जाती है।[१]

किन्तु यह संख्या भी अन्तिम नहीं कही जा सकती है। मनसुखराय मोर ने कलकत्ता से छः भागों में ५६ स्मृतियों के प्रकाशन के साथ जिन अनुपलब्ध स्मृतियों के नामों का कथन किया है।[२] उन सबको मिलाकर स्मृतियों की संख्या ११६ हो जाती है। ये स्मृतियाँ किसी एक कालखण्ड की रचना न होकर कई युगों की कृतियाँ हैं। इनमें अधिकांश पद्य में होते हुए भी कुछ गद्य अथवा गद्यपद्य के मिश्रितरूप में लिखी गई हैं। इनमें कुछ स्मृतियों, यथा–गौतम, आपस्तम्ब एवं मनुस्मृति आदि की रचना, ईसा से कई सौ वर्ष पूर्व की गई। जबकि याज्ञवल्क्य, पराशर और नारदादि स्मृतियाँ ईसा की प्रथम शताब्दी की देन कही जा सकती हैं। अन्य स्मृतियों का रचनाकाल विद्वानों ने ४०० ई० से १००० ई० के मध्य स्वीकार किया है।[३]

यद्यपि इस विषय में विद्वानों की मान्यता है कि स्मृतियों का काल-निर्णय सरल कार्य नहीं है, क्योंकि इनमें कुछ स्मृतियाँ तो प्राचीन सूत्रों की पद्यबन्धन मात्र हैं। जैसे–शङ्खस्मृति। कभी दो या तीन स्मृतियाँ एक ही नाम के साथ प्रचारित हुईं, जैसे–शातातप, हारीत, अत्रि। कुछ स्मृतियों के प्रणेता प्रमुख स्मृतिकार होते हुए भी

---

१. धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ० पी०वी० काणे, हिन्दी अनु०, पृ० ४१.

२. स्मृतिसंदर्भ-मनसुखराय मोर, पञ्चम भाग. भूमिका, पृ० ग.

३. धर्मशास्त्र का इतिहास-हिन्दी अनुवाद, पृ० ४१.

वृद्ध, वृहत् एवं लघु उपाधियों के साथ प्रयुक्त हुए हैं, जैसे-वृद्धगार्ग्य, वृद्धयाज्ञवल्क्य, बृहत्पराशर आदि।[1] अतः इस दिशा में भी अभी पर्याप्त शोध की आवश्यकता है। मनुस्मृति की रचना कब की गई यह भी निश्चयपूर्वक कहना अत्यधिक कठिन है। पुनरपि अन्तःसाक्ष्य एवं बाह्य साक्ष्यों के आधार पर इसके कालनिर्धारण का यहाँ प्रयास किया जा रहा है-

मनुस्मृति की सर्वाधिक प्राचीनटीका मेधातिथि का मनुभाष्य माना गया है, जिसका समय ९०० ई० के लगभग माना जाता है। आचार्य बृहस्पति, जिनका समय ईसा की पाँचवीं शती है, ने अनेक स्थलों पर मनुस्मृति के उद्धरण प्रस्तुत किए हैं। लगभग इसी कालावधि में स्थित जैमिनिसूत्र के भाष्यकार आचार्य शबरस्वामी ने (५०० ई० के लगभग) ने भी मनुस्मृति को अनेकशः उद्धृत किया है। इसके अलावा ५७१ ई० के लगभग स्थित बलभीराज धारसेन के एक अभिलेख द्वारा भी मनुस्मृति की ओर सङ्केत किया गया है। अतः इस कालावधि के अन्तर्गत मनुस्मृति की स्थिति सिद्ध होती है।

याज्ञवल्क्यस्मृति (तृतीय शती) के भाष्यकार आचार्य विश्वरूप ने मनुस्मृति के अनेकानेक श्लोकों को उद्धृत किया है। शङ्कराचार्य के मतानुसार-वेदान्तसूत्र के लेखक मनुस्मृति पर अत्यधिक निर्भर रहे हैं। स्वयं शङ्कराचार्य ने वेदान्तसूत्र का भाष्य करते हुए अनेक स्थलों पर मनु को उद्घृत किया है। इसके अतिरिक्त कुमारिलभट्ट ने अपने तन्त्रवार्तिक नामक ग्रन्थ में, मनुस्मृति को अन्य सभी स्मृति-ग्रन्थों, यहाँ तक कि गौतमधर्मसूत्र से भी प्राचीन माना है।

इसीप्रकार ई० पू० प्रथम शताब्दी में स्थित महाकवि शूद्रक[2] ने मृच्छकटिकम् में एक स्थल पर आचार्य मनु को उद्धृत करते हुए पापी ब्राह्मण को मृत्युदण्ड न देकर देश निकाला देने की बात का कथन किया है-

अयं हि पातकी विप्रो न वध्यो मनुरब्रवीत्।
राष्ट्रादस्मात्तु निर्वास्यो विभवैरक्षतैः सह।। (९/३९)

इसके अतिरिक्त अपरार्क एवं कुल्लूकभट्ट ने भी भविष्यपुराण में उद्धृत मनुस्मृति के श्लोकों का उल्लेख किया है। स्मृतिचन्द्रिका में कथित अङ्गिरा ऋषि द्वारा मनु के धर्मशास्त्र की चर्चा का उल्लेख मिलता है। साथ ही अश्वघोष की

---

१. धर्मशास्त्र का इतिहास, हिन्दी अनुवाद, पृ० 41

२. संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास, डॉ० कपिल देव द्विवेद्वी, पृ० ३०७.

वज्रसूचिकोपनिषद् के कुछ उद्धरण मनुस्मृति में उपलब्ध हैं तथा रामायण में भी वर्तमान मनुस्मृति की अनेक बातों का कथन हुआ है। अत: इस आधार पर अधिकांश विद्वान् मनुस्मृति की अपरसीमा ईसा की द्वितीय शताब्दी मानने के पक्षधर हैं।[१]

इसके अलावा आचार्य मनु ने यवन, काम्बोज, शक, पहल्लव एवं चीनियों के नाम का उल्लेख किया है। अत: इस आधार पर इसे ई० पू० तृतीय शती से पूर्व की रचना नहीं कहा जा सकता है। यवन, काम्बोज, एंवं गान्धार लोगों का उल्लेख अशोक के पाँचवें प्रस्तर अनुशासन में भी हुआ है तथा वर्तमान समय में उपलब्ध मनुस्मृति भाषा की प्रौढ़ता एवं सिद्धांतों की प्रतिपादन शैली आदि की दृष्टि से आपस्तम्ब, बौधायन, गौतम आदि प्राचीन धर्मसूत्रों से पर्याप्त आगे की कही जा सकती है। अत: इस आधार पर इसे इन धर्मसूत्रों से पश्चातवर्ती कहा जा सकता है।

इसलिए उपर्युक्त विवेचन एवं साक्ष्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि मनुस्मृति का प्रणयन ई० पू० द्वितीय शती एवं ईसा की द्वितीय शती के मध्य होने की सम्भावना व्यक्त की जा सकती है। महामहोपाध्याय डॉ० पी० वी० काणे भी इस मत से सहमत प्रतीत होते हैं।[२]

सम्पूर्ण स्मृतिसाहित्य के अन्तर्गत मनुस्मृति की महत्ता के कारण अनेक विद्वान् आचार्यों ने इसके अभिप्राय को स्पष्ट करने की दृष्टि से टीकाग्रन्थों का प्रणयन किया। जिनमें मेधातिथि, गोविन्दराज, कुल्लूकभट्ट, सर्वज्ञनारायण (नारायणसर्वज्ञ), राघवानन्द मणिराम, रामचन्द्र, नन्दन एवं भारुचि के नाम विशेषरूप से उल्लेखनीय हैं। साथ ही कुछ अन्य व्याख्याकारों ने भी मनुस्मृति पर अपनी टीकाओं की संरचना की, जिनकी कृतियाँ आज पूर्णरूप से उपलब्ध नहीं हैं, उनमें असहाय, उदयकर, भागुरि, भोजदेव एवं एक काश्मीरी टीकाकार जिनका नाम अज्ञात है, के नाम विशेषत: उद्घृत किए जा सकते हैं।

इसप्रकार मनुस्मृति की टीकाओं की संख्या कुल मिलाकर पन्द्रह के लगभग हो जाती है। इन सब टीकाओं में मेधातिथि की मनुभाष्य टीका सर्वाधिक प्राचीन मानी जाती है। कुल्लूकभट्ट की 'मन्वर्थमुक्तावली' नामक टीका भाषा की सरलता एवं प्रवाहमयी शैली के कारण विद्वानों में अत्यधिक लोकप्रिय एवं प्रंशसनीय रही। इसके अतिरिक्त गोविन्दराज की मनुटीका का भी टीकाकारों में महत्त्वपूर्ण स्थान रहा।

इन सभी नौ टीकाओं का कालनिर्धारण विद्वानों ने इसप्रकार किया है–

---

१. धर्मशास्त्र का इतिहास डॉ० पी०वी० काणे, अनु० अर्जुन चौबे, पृ० ४६ (भाग-१)

२. वही।

१. मेधातिथि	-	मनुभाष्य	८२५-९०० ई०
२. गोविन्दराज	-	मनुटीका	१०५०-११४० ई०
३. कुल्लूकभट्ट	-	मन्वर्थमुक्तावली	११५०-१३०० ई०
४. सर्वज्ञनारायण	-	मन्वर्थवृत्ति	१४०० ई० से पूर्व
५. राघवानन्द	-	मन्वर्थचन्द्रिका	१३०० ई० के पश्चात्
६. मणिराम	-	मन्वर्थबोधिनी	१६३०-१६६० ई०
७. रामचन्द्र	-	चन्द्रिका	समय अनिश्चित
८. नन्दन	-	नन्दिनी	समय अनिश्चित
९. भारुचि	-	मनुशास्त्रविवरण	छटी शताब्दी अथवा १०५० ई० से पूर्व[१]

अब हम इन टीकाकारों में से प्रमुख टीकाकारों का परिचय प्रस्तुत कर रहे हैं।

मेधातिथि–मनुस्मृति के सर्वाधिक प्राचीन भाष्यकार हैं। इनके भाष्य में कश्मीर का वर्णन अधिक किए जाने के कारण कुछ विद्वान् इन्हें काश्मीरी मानते हैं। इन्होंने मनुस्मृति की विस्तृत एवं विद्वत्तापूर्ण व्याख्या प्रस्तुत की है। इस भाष्य की हस्तलिखित प्रतियों के अन्त में उपलब्ध श्लोक से पता चलता है कि सहारण के पुत्र मदन नामक राजा ने किसी देश से इस भाष्य की प्रतियाँ मंगवाकर इसका जीर्णोद्धार कराया। इन्होंने अपने भाष्य के अन्तर्गत–गौतम, बौधायन, आपस्तम्ब, वसिष्ठ, विष्णु, शङ्ख, मनु, याज्ञवल्क्य, नारद, पराशर, बृहस्पति और कात्यायन आदि स्मृतिकारों का नामोल्लेख किया है। बृहस्पति को इन्होंने वार्ता एवं राजनीति का लेखक स्वीकार किया है।

इनके भाष्य के अध्ययन से प्रतीत होता है कि इन्हें पूर्वमीमांसा शास्त्र अत्यन्त प्रिय था, क्योंकि इन्होंने अपने भाष्य में 'विधि' एवं 'अर्थवाद' नामक शब्दों का अत्यधिक प्रयोग किया है। जैमिनि सूत्रों के परिप्रेक्ष्य में भी इन्होंने अनेक स्थलों पर मनुस्मृति की व्याख्या प्रस्तुत की है। शाबरभाष्य से भी कुछ उद्धरणों को प्रस्तुत किया गया है। एक स्थल पर इन्होंने कुमारिल के नाम तथा उनकी उपाधि भट्टपाद का भी कथन किया है।

उक्तं च भट्टपादैः "विरुद्धा च विगीता च दृष्टयर्था दृष्टकारणा। स्मृति र्न श्रुति-मूला स्याद्या चैव सम्भवश्रुतिः।" (मनुस्मृति मेधातिथि भाष्य-२/१८)

---

१. मनुस्मृति, उर्मिला रुस्तगी व डॉ० सुदेश नारंग, प्रथमोऽध्यायः भूमिका, पृ० xvi ।

मीमांसादर्शन के प्रभाव के कारण उन्होंने शङ्कराचार्य के शारीरकभाष्य को उद्धृत करते हुए भी मोक्ष का साधन केवल ज्ञान को न मानकर, ज्ञान एवं कर्म दोनों को स्वीकार किया है। मनुस्मृति का भाष्य करते हुए उन्होंने अपनी संरचना 'स्मृतिविवेक' से भी अनेक स्थलों पर उद्धरण प्रस्तुत किए हैं, जो वर्तमान समय में अनुपलब्ध हैं। उन्होंने व्यास को ही पुराणों का लेखक स्वीकार किया है। पराशरमाधवीय ने भी उनके स्मृतिविवेक से अनेक उद्धरणों को प्रस्तुत किया है। इसीप्रकार लोल्लट ने अपने 'श्राद्धप्रकरण' नामक ग्रन्थ में मेधातिथि का उल्लेख किया है।[१]

गोविन्दराज–मनुस्मृति के द्वितीय महत्त्वपूर्ण टीकाकार हैं। उन्होंने मनुस्मृति पर मनु टीका नामक भाष्य की संरचना की। साथ ही 'स्मृतिमञ्जरी' नामक स्वतन्त्र धर्मशास्त्रीय ग्रन्थ का भी प्रणयन किया। मनुटीका एवं स्मृतिमञ्जरी के आधार पर ज्ञात होता है कि जाति से ब्राह्मण ये गङ्गातट निवासी नारायण के पुत्र माधव के पुत्र थे। याज्ञवल्क्य स्मृति की मिताक्षरा टीका में इनके नाम का उल्लेख नहीं हुआ है, जबकि मेधातिथि एवं भोजदेव का उल्लेख वहाँ किया गया है। इसी आधार पर विद्वानों ने इनका समय १०५० ई० से १०८० ई० के लगभग माना है। इन्होंने अपने भाष्य में पुराणों, गृह्यसूत्रों एवं योगसूत्र आदि अनेक स्थलों की चर्चा की है तथा मेधातिथि के समान ही मोक्ष के लिए ज्ञान एवं कर्म दोनों की आवश्यकता प्रतिपादित की है। कुल्लूकभट्ट ने अपनी मन्वर्थमुक्तावली में मेधातिथि एवं गोविन्दराज इन दोनों ही टीकाकारों को अनेकशः उद्धृत किया है।

इन्होंने अपनी 'स्मृतिमञ्जरी' में धर्मशास्त्र विषयक अनेक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। कुल्लूकभट्ट ने गोविन्दराज को मेधातिथि का पर्याप्त पश्चात्वर्ती माना है। जीमूतवाहन ने भोजराज एवं विश्वरूप के साथ गोविन्दराज का भी उल्लेख किया है तथा हेमांद्रि ने भी गोविन्दराज के मत को प्रदर्शित किया है। इस सम्पूर्ण आधार पर ही विद्वानों ने गोविन्दराज को १०५०-१०८० ई० के मध्य स्थित माना है।[२]

कुल्लूकभट्ट–मनुस्मृति के टीकाकारों में कुल्लूकभट्ट का अद्वितीय स्थान है। इन्होंने 'मन्वर्थमुक्तावली' नामक टीका की संरचना की। सरलता, संक्षिप्तता, स्पष्टता एवं उद्देश्यपूर्णता इस टीका की महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ कही जा सकती हैं। इन्होंने अनेक स्थलों पर मेधातिथि एवं गोविन्दराज को उद्धृत किया है। इनका समय विद्वानों ने ११५० ई० से १३०० ई० के मध्य स्वीकार किया है। इन्होंने अनेक स्थलों

---

१. धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ० पी० वी० काणे, पृ० ६९।

२. धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ० पी० वी० काणे, पृ० ७८।

पर मेधातिथि एवं गोविन्दराज के मतों की कटु आलोचना तथा अपने मत की प्रशंसा की है। इनके भाष्य में गोविन्दराज, धरणीधर, भास्कर, भोजदेव, हलायुध, मेधातिथि, काशिका प्रणेता वामन, कामधेनु शङ्खधर, भट्टवार्तिककार एवं विश्वरूप आदि विद्वानों के नामों का उल्लेख किया गया है।

ये बंगाल के बारेन्द्र कुल के नन्दन निवासी भट्टदिवाकर के पुत्र थे तथा इन्होंने अपने भाष्य की रचना काशी में पण्डितों के सान्निध्य में रहते हुए की। इन्होंने 'स्मृतिसागर' नामक एक अन्य ग्रन्थ की भी संरचना की जो सम्प्रति अनुपलब्ध है, किन्तु उसके केवल अशौचसागर एवं विवादसागर नामक प्रकरणों के अंश ही मिलते हैं।

इन्होंने अपने पिता की आज्ञा के परिणामस्वरूप ही विवादसागर, अशौचसागर एवं श्राद्धसागर प्रकरणों की संरचना की। श्राद्धसागर में पूर्वमीमांसा विषयक विवेचन भी किया गया है। इन्होंने महाभारत से अनेक उद्धरण प्रस्तुत किए हैं। साथ ही महापुराण, उपपुराण, धर्मसूत्र एवं अन्य स्मृतिग्रन्थों को भी अनेकशः उद्धृत किया है। बुहलर एवं चक्रवर्ती ने इन्हें १५वीं शताब्दी में स्थित माना है, जबकि महामहोपाध्याय डॉ० काणे ने इनका समय ११५०-१३०० ई० के मध्य स्वीकार किया है।[१]

आचार्य मनु द्वारा प्रतिपादित सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि के यदि हम इस ग्रन्थ का अध्ययन करते हैं तो हमें यहाँ वर्णाश्रम व्यवस्था का कठोरता से पालन देखने को मिलता है। व्यवस्था की दृष्टि से उन्होंने सम्पूर्ण समाज को चार वर्णों में विभाजित किया-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। इनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों को वेदोक्त संस्कार किए जाने के कारण 'द्विज' नाम दिया गया, क्योंकि व्यक्ति जन्म से शूद्र होता है, चाहे वह किसी भी वर्ण का क्यों न हो तथा संस्कार किए जाने के बाद ही उसका दूसरा जन्म होता है-

"जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।"

किन्तु उन्होंने चतुर्थ वर्ण शूद्र के संस्कार का निषेध किया है। इसीकारण उसे एक जाति कहा गया है-

ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यस्त्रयो वर्णा द्विजातयः।
चतुर्थ एक जातिस्तु शूद्रो नास्ति तु पञ्चमः।। (१०/४)

आचार्य कुल्लूकभट्ट ने इस श्लोक की टीका इसप्रकार की है।

---

१. धर्मशास्त्र का इतिहास, डॉ० पी० वी० काणे, पृ० ८४।

'ब्राह्मणादयस्त्रयो वर्णा द्विजा:, तेषामुपनयनविधानात्। शूद्र: पुनश्चतुर्थो वर्ण एकजाति:, उपनयनाभावात्। पञ्चम: पुनर्वर्णो नास्ति।'

अत: इस श्लोक के आधार पर यह निश्चितरूप से कहा जा सकता है कि इस समय तक वर्णव्यवस्था को जन्म से स्वीकार कर लिया गया था। ऋग्वेद में भी इन चारों वर्णों का उल्लेख मिलता है, वहाँ इन्हें विराट्पुरुष के विभिन्न अङ्गों से उत्पन्न बताया है। उसके अनुसार ही सम्भवत: इन वर्णों के महत्त्व की भावना मनुस्मृतिकाल तक आते-आते दृढ़मूल हो गयी-

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्य: कृत:।
उरु तदस्य यद् वैश्य: पद्भ्यां शूद्रोऽजायत।। (ऋ. १०/९०/१२)

यद्यपि आरम्भ में यह वर्णव्यवस्था कर्म के आधार पर थी। इस दृष्टि से शरीर में प्रत्येक अङ्ग के समान किसी भी वर्ण का महत्त्व समाज में कम नहीं था। क्षत्रिय. वैश्य यहाँ तक कि शूद्र भी श्रेष्ठकर्मों का सम्पादन करके ब्राह्मण वर्ण में सम्मिलित हो सकते थे, किन्तु बाद में यह व्यवस्था जन्म पर आधारित हो गयी तथा विराट् पुरुष के सर्वोत्कृष्ट अङ्ग मुख से उत्पन्न होने के कारण, ब्राह्मण की स्थिति समाज में सर्वोत्कृष्ट मानी गयी और वह समाज में श्रेष्ठ मार्गदर्शक एवं समादरणीय के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

आचार्य मनु ने उसकी श्रेष्ठता का प्रतिपादन इसप्रकार किया है-

वैशेष्यात् प्रकृति श्रैष्ठ्यान्नियमस्य च धारणात्।
संस्कारस्य विशेषाच्च वर्णानां ब्राह्मण: प्रभु:।। (मनु. १०/१३)

अर्थात् उत्पत्तिस्थल की श्रेष्ठता, नियमों को धारण करने, संस्कारों के वैशिष्ट्य तथा जाति की उत्कृष्टता के कारण ही ब्राह्मण सम्पूर्ण समाज में पूजनीय है। समाज की शिक्षा एवं धर्म की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व इसी श्रेष्ठ वर्ग को सौंपा गया। शास्त्रों का अध्येता होने के साथ-साथ वह समाज के सभी वर्गों को धर्म का उपदेश भी प्रदान करता था तथा आवश्यकता पड़ने पर राजा का मार्गदर्शन भी करता था।

इसके अतिरिक्त यज्ञ करना, कराना, अध्ययन, अध्यापन ही उसके मुख्य कार्य थे तथा समाज के अन्य वर्णों का दायित्त्व था कि वे ब्राह्मण के सम्मान, सेवा, सुरक्षा एवं भरणपोषण आदि का पूरा-पूरा ध्यान रखें। उसके दैनिक-कार्यों में किसी के द्वारा भी व्यवधान उत्पन्न न किया जाए। उसे किसी प्रकार का शारीरिक, मानसिक कष्ट न हो।

क्षत्रिय की उत्पत्ति विराट् पुरुष की भुजाओं से मानी गई है। शक्तिसम्पन्न होने के कारण यह वर्ण समाज की रक्षा करने वाला हुआ। राजा इसी वर्ण का होता था। समाज के सभी वर्णों को मर्यादित करना उन्हें सामाजिक नियमों का पालन करने के लिए बाध्य करना, सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना, सभी वर्णों को सुरक्षा उपलब्ध कराना ही इस वर्ण के मुख्य कार्य थे। वैश्य एवं शूद्र ये दोनों वर्ण इसके अधीन कार्य करते थे।

समाज का तृतीय वैश्यवर्ण जिसकी उत्पत्ति विराट् पुरुष की जंघाओं से मानी गयी, का मुख्यकार्य कृषि एवं वाणिज्यकर्म करना था। इस दृष्टि से समाज की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को ठीक रखने का दायित्व वैश्यवर्ण का ही था। इसके अतिरिक्त इसका काम ब्राह्मणों का आदर करने के साथ-साथ क्षत्रिय की आज्ञापालन करना भी था।

चतुर्थ वर्ण, शूद्र की उत्पत्ति विराट् पुरुष के पैरों से मानी गई है। अत: समाज में इसकी स्थिति चतुर्थ स्थान पर रही। इसके संस्कारों का निषेध किया गया। इसका प्रमुख कार्य ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य, इन द्विजों की सेवा-शुश्रूषा करना था, किन्तु आपत्तिकाल में इनके कार्यों की विभिन्नता का भी यहाँ विधान किया गया। जैसे-यदि शूद्र सेवावृत्ति द्वारा अपने परिवार का भरणपोषण न कर सके तो वह वैश्यवृत्ति को भी स्वीकार कर सकता है, किन्तु इस स्थिति में भी द्विजातियों का हितचिन्तन, उसका सर्वोत्कृष्ट दायित्व है। इसीप्रकार ब्राह्मण भी आपत्तिकाल में हीनवर्ण की आजीविका को स्वीकार कर सकता था। आचार्य मनु के समय में इस वर्णव्यवस्था का कठोरतापूर्वक पालन किया जाता था।

यदि हम इस वर्णव्यवस्था पर सामाजिक व्यवस्था की दृष्टि से सूक्ष्मविचार करें तो हमें इस व्यवस्था के महत्त्व को स्वीकार करने में लेशमात्र भी संकोच नहीं होना चाहिए, किन्तु यह व्यवस्था केवल तब तक ही प्रशंसनीय रही, जब तक इसका आधार कर्म था। जन्म पर आधारित होने के साथ-साथ इसमें दोषों का आगमन प्रारम्भ हो गया।

धर्म द्वारा क्षत्रिय को भयभीत करते हुए उसका सहयोग लेकर ब्राह्मणवर्ण ने सम्पूर्ण समाज पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया। जिसके कारण विशेषरूप से समाज के चतुर्थ वर्ण कि स्थिति अत्यन्त दयनीय हो गयी। इसका उल्लेख अनेक विद्वानों द्वारा किया गया है। श्री अंजरिया ने 'पोलिटिकल ऑब्लीगेशन इन दॉ हिन्दू स्टेट' में शूद्रों की स्थिति को जानवरों के समान बताया है।

यद्यपि सिद्धान्त की दृष्टि से आचार्य मनु ने शूद्रों को परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर वेतन देने[1], स्वामी द्वारा सेवक को भोजन कराकर स्वयं भोजन करने[2] तथा भोजन के समय आए शूद्र को भी अतिथि मानकर पूज्यभाव[3] रखने का विधान किया, किन्तु सम्भवत: व्यवहार में इसका पालन नहीं किया जाता था।

मनुस्मृति में मनुष्य की आयु को सौ वर्ष मानते हुए आचार्य मनु ने पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति की दृष्टि से, वर्णव्यवस्था के समान ही आश्रमव्यवस्था का भी उल्लेख किया है। तदनुसार व्यक्ति को उपनयन संस्कार से लेकर २५ वर्ष पर्यन्त, ब्रह्मचर्य आश्रम में निवास करते हुए, गुरु की सेवापूर्वक विद्याध्ययन करना चाहिए। भिक्षावृत्ति द्वारा जो भी अन्न प्राप्त हो सर्वप्रथम उसे निरपेक्षभाव से गुरु को सौंपकर, गुरु जितना भी उसमें से दे, उसी से सन्तोष करना चाहिए। अपने आचार्यों की सेवा ही इस आश्रम में वस्तुत: ब्रह्मचारी का मुख्य कार्य था।

इस दृष्टि से २५ वर्षों की इस कालावधि को जीवन का निर्माणकाल भी कहा जा सकता है, क्योंकि सम्पूर्ण आचार, व्यवहार की शिक्षा उसे इसी आश्रम में प्रदान की जाती थी। विद्या पूर्ण करने के बाद उसका समावर्तन संस्कार होता था तथा गुरु की आज्ञा से अग्रिम २५ वर्षों के लिए वह गृहस्थाश्रम में प्रवेश करता था। विवाह करके व्यक्ति सन्तानोत्पत्ति द्वारा सृष्टिप्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान करता था।

५० वर्षों की अवस्था पर्यन्त गृहस्थाश्रम का पालन करने के पश्चात् व्यक्ति परिवार के भरणपोषण का दायित्व अपने बड़े पुत्र को सौंपकर, पत्नी सहित वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करता था तथा वहाँ पञ्चयज्ञों का निष्पादन करता हुआ वह ईश्वरीय-चिन्तन द्वारा अपनी आध्यात्मिक उन्नति करता था। इस आश्रम में वह सांसारिक भोगों का पूर्णरूप से परित्याग कर देता था एवं कन्दमूल, नीवार आदि का सेवन करके शरीर-साधन करता था।

पच्चीस वर्ष तक इस आश्रम का सेवन करने के बाद पिछहत्तर वर्ष की आयु में रागद्वेषादि पर विजय प्राप्त करने के पश्चात् व्यक्ति संन्यास आश्रम में प्रवेश करता

---

१. प्रकल्प्या तस्य तैर्वृत्ति: स्वकुटुम्बाद्यथार्हत:।
शक्तिं चावेक्ष्य दाक्ष्यं च भृत्यानां च परिग्रहम्।। (मनु. १०/१२४)

२. भुक्तवत्स्वथ विप्रेषु स्वेषु भृत्येषु चैव हि।
भुञ्जीयातां तत: पश्चादवशिष्टं तु दम्पती।। (मनु. ३/११६)

३. वैश्यशूद्रावपि प्राप्तौ कुटुम्बेऽतिथिधर्मिणौ।
भोजयेत्सह भृत्यैस्तावानृशंस्यं प्रयोजयन्।। (मनु. ३/११२)

था। इस आश्रम में प्रवेश से पूर्व देव-पितृ और ऋषि, इन तीनों ऋणों से पूर्णतया मुक्त होना, इसकी प्रमुख अनिवार्यता थी, किन्तु आचार्य मनु ने एक स्थल पर[1] गृहस्थ के सभी दायित्व पुत्र को सौंपने के पश्चात्, उदासीनभाव से घर में रहकर भी ब्रह्मचिन्तन करने वाले व्यक्ति को संन्यासी कहा है। अत: मनु के काल में बाद में सम्भवत: संन्यासी के लिए गृहत्याग की अनिवार्यता नहीं थी।[2]

वस्तुत: मनुस्मृतिकाल में वर्णव्यवस्था जहाँ समाज को व्यवस्थित एवं मर्यादित रखने में सहायक थी, वहीं आश्रम व्यवस्था द्वारा मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता था तथा वह इस लोक के सुखों को भोगकर मोक्षप्राप्ति की ओर अग्रसर होता था। अत: तात्कालिक आश्रम व्यवस्था को पुरुषार्थचतुष्ट्य की प्राप्ति में सहायक कहा जा सकता है।

राजनैतिक व्यवस्था की दृष्टि से मनुस्मृति का अध्ययन करने पर हम देखते हैं कि आचार्य मनु, राजा के दैवी उत्पत्ति विषयक सिद्धांत में आस्था रखते हैं। तदनुसार राजा का निर्माण करते हुए परमात्मा ने इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, चन्द्रमा, वरुण और कुबेर आदि दैवी अंशों को ग्रहण किया। यही कारण है कि राजा में इनके गुण, कर्म एवं प्रभाव के दर्शन होते हैं। आचार्य मनु के अनुसार–राजा बालक ही क्यों न हो, सभी को उसकी आज्ञा का पालन करना चाहिए–

बालोऽपि नावमन्तव्यो मनुष्य इति भूमिपः।
महती देवता ह्येषा नररूपेण तिष्ठति।। (मनु० ७/८)

वेदविद् ब्राह्मण, राजा के लिए समादरणीय है, उसके प्रति उसे विनम्रतापूर्वक व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि वेन, नहुष, नेमि आदि के समान अविनय उसे नष्ट कर डालती है। इसके अतिरिक्त राजा का कर्तव्य है कि राजनीति में काम आने वाली विद्या–आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति का गहन अध्ययन, वेदज्ञ विद्वानों एवं राजनीति में कुशल गुरुओं से करना चाहिए।

इतना ही नहीं उसे काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि दोषों से सदैव दूर रहना चाहिए। मदिरापान व जुआ राजा को विनष्ट करने वाली बुराइयाँ हैं। अत: राजा का इनसे दूर रहना ही श्रेयष्कर है। उन्होंने दुर्व्यसन और मृत्यु इन दोनों में से व्यसन को अपेक्षाकृत अधिक कष्टकारी माना है।

---

१. मनुस्मृति, ६/५९।
२. वही, ४/२५७-२५८।

व्यसनस्य च मृत्योश्च व्यसनं कष्टमुच्यते।
व्यसन्यधोऽधो व्रजति स्वर्यात्यव्यसनी मृतः।। (मनु० ७/५३)

आचार्य मनु ने राजा के लिए ब्राह्मणों की सेवा एवं उनके आदेशों की पालना की अनिवार्यता प्रतिपादित की। विभिन्न देवताओं के अंशों से उत्पन्न होने के कारण राजा को इन्द्र के समान प्रजा की सुख-सुविधाओं की वर्षा करनी चाहिए। सूर्य की किरणों के समान प्रजा से अत्यल्प मात्रा में कर-ग्रहण करना चाहिए। वायु के समान गुप्तचरों के माध्यम से सर्वत्र गतिवान् होना चाहिए। इसीप्रकार यम के समान पक्षपातरहित न्याय वाला और वरुण के समान पापियों एवं अपराधियों को विनष्ट करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।[१]

मनुस्मृति के अनुसार-राजा का कर्तव्य है कि वह रात्रि के अन्तिम प्रहर में निद्रा का परित्याग करके, अग्निहोत्र करे एवं ब्राह्मणादि का वन्दन करे एवं सभागार में आए हुए प्रजाजनों के साथ प्रसन्नतापूर्वक वार्तालाप करे। उसके बाद मन्त्रियों के साथ राजनीति के विभिन्न अङ्गों पर विचारविमर्श करे। राजा के लिए रात और दिन हमेशा चौकन्ना रहने का भी मनु ने निर्देश दिया है, क्योंकि थोड़ी भी असावधानी उसके विनाश का कारण हो सकती है।

मनु का मत है। कि राजा को मन्त्रियों से राजकार्यों में सहयोग अवश्य लेना चाहिए, किन्तु उन पर कभी भी अन्धविश्वास नहीं करना चाहिए। रुग्णावस्था में ही राजा अपने कार्य मन्त्रियों एवं सेवकों पर छोड़ने में सक्षम है।

राजकार्यों के सम्यक् सम्पादन हेतु मनुस्मृतिकार ने योग्य सचिवों की नियुक्ति की भी व्यवस्था दी है। उनके अनुसार-राजा कम से कम सात, आठ योग्य सचिवों की नियुक्ति अवश्य करे, जिससे उसकी कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके।

"सचिवान् सप्त चाष्टौ वा प्रकुर्वीत परीक्षितान्।।" (मनु ७/५४)

उनके मत में-शास्त्रों का जानने वाला, बलवान्, लक्ष्य को सिद्ध करने में निपुण एवं उच्च कुल में उत्पन्न व्यक्ति ही सचिव पद पर नियुक्त किया जा सकता है। राजा के लिए राज्य के प्रत्येक विषय के सम्बन्ध में उचित अवसर एवं स्थान पर मन्त्रणा की अनिवार्यता भी प्रतिपादित की गई है। मन्त्रणा का गुप्त रहना भी आवश्यक है। अतः उन्होंने मन्त्रणा हेतु पर्वत की चोटी, महल का एकान्त भाग अथवा निर्जन वन को उपयुक्त बताया है, क्योंकि इन स्थलों पर मन्त्रणा की गोपनीयता बनी रहती

---

१. मनुस्मृति-९/३०४-३०९।

है। आचार्य मनु का मत है कि–मन्त्रणा की गोपनीयता के अभाव में शक्तिशाली राजा भी नष्ट हो जाता है।

उन्होंने यहाँ मन्त्रणा के विषयों का विस्तारपूर्णक उल्लेख किया है। उनके अनुसार गुप्तचरों की चेष्टाएँ, अष्टविध कर्म, पञ्चवर्ग, राजमण्डल का प्रचार, मध्य, उदासीन एवं शत्रु का प्रचार, विजिगीषु की चेष्टाएँ तथा षड्गुणादि ये सभी विषय मन्त्रणा के योग्य हैं।

धार्मिककार्यों के निष्पादन हेतु मनु ने अन्य अधिकारियों के समान ही पुरोहित की नियुक्ति पर विशेष बल दिया है। आवश्यकता पड़ने पर यह राज्य के संचालन में भी राजा को सहयोग प्रदान करता था। इसके अतिरिक्त दूसरे राष्ट्रों के साथ अच्छे सम्बन्ध बनाने व बनाए रखने के लिए योग्य दूतों की नियुक्ति की आवश्यकता भी यहाँ प्रतिपादित की गयी है।

उनके अनुसार–दूत का कर्तव्य है कि शत्रु के राजकार्यों एवं उनके सेवकों की गतिविधियों को भलीप्रकार जानकर उन्हें अपने वश में कर ले। उसकी महत्त्वपूर्ण विशेषता शुद्ध हृदय, चतुर एवं उच्चकुलोत्पन्न होना मानी गई है–

बुद्ध्वा च सर्वं तत्त्वेन परराजचिकीर्षितम्।
तथा प्रयत्नमातिष्ठेद्यथाऽऽत्मानं न पीडयेत्।। (मनु० ७/६८)

इसके अतिरिक्त आचार्य मनु राज्य की स्थिरता के लिए गुप्तचरों की अनिवार्यता का प्रतिपादन भी करते हैं। यहाँ इन्हें राजा का नेत्र कहा गया है। इनके द्वारा राजा सम्पूर्ण राज्य में सभीप्रकार की गतिविधियों पर दृष्टि रख सकता है। इनका मुख्यकार्य प्रजा एवं राज्य के कर्मचारियों के षड्यन्त्रों का पता लगाना है। कार्य एवं व्यवहार की दृष्टि से यहाँ गुप्तचरों के पाँच प्रकारों का उल्लेख किया गया है–कापटिक, उदासीन, गृहपति, वैदेहक और तापस। ये सभी अपने नाम के अनुसार ही वेष धारण करके गुप्त बातों की जानकारी प्राप्त करते हैं।

राज्य की आय के साधनों के सम्बन्ध में भी मनुस्मृतिकार ने विस्तारपूर्वक विवेचन प्रस्तुत किया है। इसमें कर, कृषि की आय का छटा भाग, दण्ड से प्राप्त धन तथा व्यापारियों से लिया गया शुल्क, राजा की आय के प्रमुख स्रोत हैं, किन्तु इस प्रसङ्ग में ध्यातव्य है कि उन्होंने राजा को प्रजा से केवल इतना टैक्स वसूलने की अनुमति प्रदान की है, जिससे प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट न हो, अन्यथा राजा स्वयं भी नष्ट हो जाता है।

यथाल्पाल्पमदन्त्याद्यं वार्योकोवत्सषट्पदाः।
तथाल्पाल्पो ग्रहीतव्यो राष्ट्राद् राज्ञाब्दिकः कर।। (मनु० ७/१२९)

इस प्रसङ्ग में ग्रन्थकार ने जौंक, बछड़े एवं भौरे के उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, क्योंकि जिसप्रकार ये तीनों अपने आश्रय को हानि पहुँचाए बिना ही अपने जीवन के हेतु क्रमशः रक्त, दूध एवं मधुपान करते हैं। ठीक उसीप्रकार प्रजा की हानि किए बिना राजा को राज्य संचालन हेतु थोड़ा-थोड़ा वार्षिक कर ही ग्रहण करना चाहिए।

आचार्य मनु की मान्यता है कि राजा के समान ही दण्ड की सृष्टि भी परमात्मा द्वारा ही की गई है। अतः न्याय व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजा को, अपराधियों एवं दुष्टों को दण्ड अवश्य प्रदान करना चाहिए, किन्तु दण्ड का निर्धारण उसे देश, काल, परिस्थितियों एवं अपराधी की शक्ति व सामर्थ्य को देखकर ही करना चाहिए। दण्ड के अभाव में प्रजा उच्छृङ्खल हो जाती है। मनुस्मृति के सप्तम अध्याय में दण्ड के विषय में में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्होंने इसकी अनिवार्यता प्रतिपादित की है-

स राजा पुरुषो दण्ड स नेता शासिता च सः।
चतुर्णामाश्रमाणां च धर्मस्य प्रतिभूः स्मृतः। (मनु० ७/१७)

मनु के मत में-दण्ड द्वारा राजा समृद्धि प्राप्त करता है। अतः उसे इसका सदैव उचित प्रयोग करना चाहिए। इसी प्रसङ्ग में उन्होंने दण्ड के चार प्रकारों का भी उल्लेख किया है। वाग्दण्ड, धिक्दण्ड, धनदण्ड एवं वधदण्ड। उनके अनुसार-इनमें से एक, एकाधिक अथवा चारों का ही एक साथ प्रयोग भी सम्भव है। दण्ड द्वारा ही राजा प्रजा की रक्षा करने में समर्थ है। दण्ड के भय से ही चोर, लुटेरे आदि दुष्कर्मों में प्रवृत्त नहीं होते हैं।

न्याय व्यवस्था की चर्चा करते हुए मनु ने इसकी निष्पक्षता की अनिवार्यता भी प्रतिपादित की है। विवादास्पद मामलों में विचार करने के लिए राजा को सर्वप्रथम ब्राह्मण की नियुक्ति करनी चाहिए तथा अन्य तीन सदस्यों के साथ स्वयं न्यायालय में जाकर उसे विवादों का निपटारा करना चाहिए। गलत निर्णय देने पर ब्राह्मण न्यायाधीश के अधर्मरूपी शल्य से पीड़ित होकर नष्ट होने की बात का भी यहाँ उल्लेख किया गया है। साथ ही उन्होंने न्यायाधीश एवं सदस्यों के ब्राह्मण होने के साथ-साथ वादी-प्रतिवादी के मनोभावों को समझने की, उनकी सामर्थ्यसम्पन्नता का भी कथन किया है।

आचार्य मनु प्रशासन की दृष्टि से राज्य को विभिन्न भागों में बाँटने के पक्षधर

भी प्रतीत होते हैं, क्योंकि इस दृष्टि से गाँव सबसे छोटी इकाई है, जिसके प्रशासन को ग्रामिक देखता था। उसका कर्तव्य ग्रामवसियों की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखना एवं ग्राम में शान्ति बनाए रखना था। १०, २०, १०० एवं एक हजार गांवों की व्यवस्था देखने के लिए क्रमश: एक-एक रक्षक की नियुक्ति की जाती थी। इन सबके ऊपर एक मन्त्री होता था, जो सभी व्यवस्थाओं का सम्यक् अवलोकन करता था। ग्रामरक्षकों को गांवों की आय के कुछ भाग के उपभोग का अधिकार भी प्रदान किया गया था।

मनुस्मृति में युद्ध के नियमों का भी विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है। इसके अनुसार-सोए हुए, कवचरहित, नग्न, शस्त्ररहित एवं युद्ध के दर्शक का वध नहीं करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नपुंसक, अपनी पराजय स्वीकार करने वाले तथा शरणागत की भी हत्या नहीं करनी चाहिए। यहाँ युद्ध में गुप्त, तीक्ष्ण शस्त्रादि कूटशस्त्रों, विष से बुझे हथियारों, आग्नेयास्त्रों के प्रयोग का निषेध किया गया है। इसके अतिरिक्त जो व्यक्ति अपने शस्त्र टूटने के कारण दु:खी हो, पुत्रादि के शोक से व्याकुल हो, भयभीत होकर युद्ध से विमुख हो गया हो, उसे भी युद्ध में नहीं मारना चाहिए।

इसप्रकार आचार्य मनु ने राजनीतिक दृष्टि से मनुस्मृति में इसके सभी अङ्गों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की है। इसकारण प्रथम दृष्ट्या यह ग्रन्थ अनेक अर्थों में कौटिल्य के अर्थशास्त्र के समान ही प्रतीत होता है। पुनरपि तात्कालिक राजनैतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को जानने के लिए यह ग्रन्थ अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।

मनुस्मृति का अध्ययन करने पर हमें तात्कालिक समाज में स्त्रियों की अच्छी स्थिति का आभास नहीं होता है। आचार्य मनु यद्यपि एक स्थल पर कन्या के शरीर की पवित्रता के लिए सम्पूर्ण संस्कार ठीक समय पर बिना मन्त्रों के ही कराने के पक्षधर प्रतीत होते हैं।

अमन्त्रिका तु कार्येयं स्त्रीणामावृतशेषतः।
संस्कारार्थं शरीरस्य यथाकालं यथाक्रमम्।। (मनु० २/६६)

किन्तु वहीं उन्होंने इसके लिए अध्ययनादि के द्वार बन्द करते हुए कहा कि विवाह की वैदिकरीति ही इनका उपनयन संस्कार है। पति की सेवा करना गुरुकुल में निवास तथा घर के कार्यों का सम्पादन ही इनके लिए नित्य होम है-

वैवाहिको विधिः स्त्रीणां संस्कारो वैदिकः स्मृतः।
पतिसेवा गुरौ वासो गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया।। (मनु० २/६७)

अतः आचार्य मनु यहाँ प्रत्यक्षरूप से स्त्रीशिक्षा के पक्षधर प्रतीत नहीं होते हैं। इतना ही नहीं अपितु स्त्रियों के सम्बन्ध में सामान्यतया उनकी दृष्टि उज्ज्वल नहीं है, क्योंकि उनका मत है कि–स्त्रियों का स्वभाव सामान्यरूप से अपनी शृङ्गारिक चेष्याओं द्वारा पुरुषों को दूषित करना है। ये मूर्ख हो अथवा विद्वान् उसे काम के वशीभूत करके कुमार्ग में प्रवृत्त करते हुए विनष्ट कर डालती हैं।[१] इसलिए विद्वान् व्यक्ति को कभी भी एकान्त में अपनी माता, बहन अथवा पुत्री के साथ भी नहीं बैठना चाहिए–

स्वभाव एष नारीणां नराणामिह दूषणम्।
अतोऽर्थान्न प्रमाद्यन्ति प्रमदासु विपश्चितः।। (मनु० २/२१३)
मात्रा स्वस्रा दुहित्रा वा न विविक्तासनो भवेत्।
बलवानिन्द्रियग्रामो विद्वान्समपि कर्षति।। (मनु० २/२१५)

इतना ही नहीं उन्होंने स्त्रियों को प्रतिक्षण यत्नपूर्वक संरक्षित करने का भी निर्देश दिया है, क्योंकि अरक्षित स्त्री के चरित्रपतन की सम्भावना रहती हैं।[२] अतः उन्होंने कौमार्यावस्था में उसे पिता के अधीन, यौवनावस्था में पति के अधीन तथा वृद्धावस्था में पुत्र के अधीन रहने के लिए कहते हुए स्पष्टरूप से उसकी स्वतन्त्रता का निषेध किया है–

पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने।
रक्षन्ति स्थविरे पुत्रा न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति।। (मनु० ९/३)

इसके अतिरिक्त स्त्री द्वारा चरित्रविषयक अपराध करने पर भी आचार्य मनु अत्यन्त कठोर प्रतीत होते हैं, क्योंकि एक स्थल पर उन्होंने परपुरुष के साथ अवैध सम्बन्ध स्थापित करने पर उसे कुत्तों द्वारा नुचवाकर मार डालने के दण्ड का विधान किया है–

भर्तारं लंघयेद् या तु स्त्री ज्ञातिगुणदर्पिता।
तां श्वभिः खादयेद् राजा संस्थाने बहुसंस्थिते।। (मनु० ८/३७१)

ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य मनु तात्कालिक समाज में वर्णसङ्करता का

---

१. मनुस्मृति, २/२१४
२. वही, ९/२।

दोषी पूर्णरूप से स्त्री को ही मानते थे। उन्होंने स्त्री को चारित्रिक दृष्टि से अत्यन्त कमजोर माना तथा इसलिए प्रत्येक अवस्था में उस पर कठोर दृष्टि रखने का निर्देश दिया, यहाँ तक कि वृद्धावस्था में भी उसे स्वतन्त्रता प्रदान करने के वे पक्षधर नहीं थे, उसे पुत्र के संरक्षण में रहना अनिवार्य था। ऐसा प्रतीत होता है कि यह सब तात्कालिक पुरुष प्रधान समाज के कारण ही किया गया।

यहाँ वस्तुतः वह केवल एक सेविका के रूप में ही चित्रित हुई है। उसे न अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का अधिकार था और न ही शिक्षादि का। किन्तु फिर भी माता के रूप में आचार्य मनु ने स्त्री की अत्यन्त प्रशंसा करते हुए उसे हजारों पिताओं से भी श्रेष्ठ बताया है–

उपाध्यायान्दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता।
सहस्त्रं तु पितॄन् माता गौरवेणातिरिच्यते।। (मनु० २/१४५)

साथ ही तृतीय अध्याय में एक स्थल पर उन्होंने पुत्री, पुत्रवधु, बहन आदि का सत्कार करने का भी कथन किया है। तदनुसार इनका अनादर करने पर व्यक्ति कुल सहित नष्ट हो जाता है।[१]

इतना सब कुछ होते हुए भी अत्यन्त आश्चर्य का विषय हैं कि एक स्थल पर उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि जिस कुल में नारियों की पूजा होती है, उसमें देवता भी प्रसन्न होते हैं तथा जहाँ इनका सम्मान नहीं होता है। उनकी सभी याज्ञिक-क्रियाएँ भी निष्फल हो जाती हैं–

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तस्याफलाः क्रियाः।। (मनु० ३/५६)

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर निष्कर्षरूप में इतना ही कहा जा सकता है कि जहाँ तक आचार्य मनु की स्त्री के प्रति दृष्टि का प्रश्न है सामान्यरूप से वह पवित्र एवं समादरणीय थी। इसीकारण उन्होंने माता के रूप में उसे अगाध श्रद्धा का पात्र बताया। इतना ही नहीं, अपितु जामिजन अर्थात् पुत्री, बहिन तथा पुत्रवधु आदि सभी के सम्मान का भी कथन करते हुए शुभकार्यों एवं उत्सवों के अवसर पर, आभूषण, वस्त्र एवं भोजनादि द्वारा सत्कार करने का प्रतिपादन किया।

---

१. शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत्कुलम्।
न शोचन्ति तु यत्रैता वर्धते तद्धि सर्वदा।। (मनु० ३/५७।

तस्मादेताः सदा पूज्या भूषणाच्छादनाशनैः।
भूतिकामै नँरै र्नित्यं सत्कारेषूत्सवेषु च।। (मनु० ३/५९)

साथ ही पत्नी की सन्तुष्टि को भी उन्होंने कुल को प्रकाशित करने वाला एवं कल्याणों को देने वाला कहा–

संतुष्टो भार्यया भर्ता भर्त्रा भार्या तथैव च।
यस्मिन्नेव कुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवम्।। (मनु० ३/६०)
स्त्रियां तु रोचमानायां सर्वं तद्रोचते कुलम्।
तस्यां त्वरोचमानायां सर्वमेव न रोचते।। (मनु० ३/६२)

किन्तु तात्कालिक सामाजिक परिस्थिति एवं ढांचे के अनुरूप वे स्त्री की स्वतन्त्रता के पक्षधर नहीं थे। बाह्य सामाजिक वातावरण में निकलकर कामकाजी महिला के रूप में कार्य करना समाज द्वारा अनुमोदित नहीं था। सम्भवत: इसी कारण उसकी शिक्षा-दीक्षा की आवश्यकता का भी अनुभव नहीं किया गया। गृहकार्यों में निपुणता ही उसकी श्रेष्ठ शिक्षा मानी जाती थी। घर एवं परिवार की चाहरदिवारी ही उसका कार्यक्षेत्र था।

कुछ स्त्रियाँ जो अपने चारित्रिक दोष के कारण समाज को दूषित करती थीं अथवा कर रहीं थीं, उनके प्रति अवश्य आचार्य मनु अत्यन्त कठोर थे, क्योंकि इससे समाज में वर्णसङ्कर सन्तति की सम्भावना अधिक बढ़ जाती है, जो किसी भी समाज के विनाश का कारण माना गया है। इसीलिए उन्होंने वर्णसङ्कर जाति का समाज में हेयस्थान प्रतिपादित किया है। कुल मिलाकर आचार्य मनु के समय में स्त्रियों की स्थिति को इतना अधिक निम्न नहीं कहा जा सकता, जिनता की विद्वान् समालोचकों ने इसे चित्रित किया है।

●●●

कुल्लूकभट्टकृतमन्वर्थमुक्तावलीसहिता

मनुस्मृतिः

प्रथमोऽध्यायः

